जानीपुर में बाघ की दहशत के बीच फिशिंग कैट होने का अनुमान

गोलाबाजार(गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के जानीपुर और आसपास के गांवों में बाघ जैसे जंगली जानवर दिखाई देने की चर्चा से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम ने सिधारी गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की। बड़हलगंज रेंज के क्षेत्राधिकार शिवजीत सिंह और बांसगांव रेंज के अधिकारी आरके श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने संभावित ठिकानों पर तलाश की।

डिप्टी रेंजर सुधीर कुमार के साथ रेस्क्यू टीम के मोहित कश्यप, जितेंद्र कुमार, मोती और सिद्धार्थ भी अभियान में शामिल रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों के अनुसार, पश्चिम बलिया खखरी बलिया गांव के पास, सिधारी गांव के बाहरी हिस्से, भरवलिया टोले के आसपास जंगली जानवर दिखाई देने की चर्चा थी। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित



होने के बाद लोगों की चिंता बढ़ गई। बृहस्पतिवार रात ग्रामीण अपने पालतू पशुओं की सुरक्षा के लिए लाठी-डंडे लेकर पहरेदारी करते रहे। ग्रामीणों ने रात में ही वन विभाग को सूचना दी थी। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम उस तालाब के किनारे पहुंची, जहां युवकों ने जानवर देखने का दावा किया था। टीम ने आसपास के संभावित ठिकानों की तलाशी ली और तालाब के किनारे मिले पैरों के निशानों की जांच की।

◆वन विभाग ने चलाया सर्च अभियान

अधिकारियों को छोटे बिल्ली जैसे पैरों के निशान भी मिले। दोपहर तक खोज अभियान जारी रहा। इस दौरान पटाखे फोड़कर भी जानवर की तलाश की गई, लेकिन वह कहीं दिखाई नहीं दिया। बाढ़ के साथ आ सकते हैं जंगली जानवर बड़हलगंज रेंज के क्षेत्राधिकार शिवजीत सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की संभावना बेहद कम है। सरयू नदी में बाढ़ के दौरान कुछ जंगली जानवर आसपास के क्षेत्रों में आ सकते हैं। शुरुआती अनुमान के अनुसार, यह फिशिंग कैट हो सकती है, जो मछलियों की गंध से तालाब के किनारे पहुंची हो। ग्रामीणों ने तालाब के पास मछलियां फेंकी थीं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एआई से संवर्धित तस्वीरें भी प्रसारित की जा रही हैं। ऐसे में लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि दोबारा कोई संदिग्ध जंगली जानवर दिखाई दे तो उसके पास जाने या घेरने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दें। फिलहाल, जानवर की वास्तविक पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जीवन का सबसे बड़ा मित्र और शत्रु है मन-सद्गुरु

दोहरीघाट (गोरखपुर)। पतित पावनी सरयू नदी के तट पर स्थित अंतर राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम, दोहरीघाट में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मातेश्वरी परिवार की ओर से आयोजित 10 दिवसीय आदि शक्ति अखंड महायज्ञ एवं ध्यान योग में छठवें दिन श्रद्धालुओं को मन की शक्ति और उसके प्रभाव का संदेश दिया गया। प्रवचन के दौरान मातेश्वरी परिवार के संस्थापक सद्गुरु जी ने कहा कि मन ही मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु है। सद्गुरु बार-बार मनुष्य को सही मार्ग पर चलने और अपने आचरण में सुधार



करने के लिए सजग करते हैं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य अपनी गलतियों को नहीं सुधार पाता। इसका परिणाम यह होता है कि वह स्वयं अपने जीवन को दुखों से भर लेता है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में सच्चे सुख की प्राप्ति करनी है तो सबसे पहले अपने मन को नियंत्रित करना होगा। सांसारिक मोह-माया के चक्कर से मुक्त होकर सद्गुरु के चरणों में स्थान प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। मनुष्य के सुख, दुख का बड़ा कारण उसका मन ही है। नियंत्रित मन जीवन को सुखमय बना सकता है, जबकि अनियंत्रित मन व्यक्ति को घोर कष्टों की ओर ले जाता है। इसलिए मन पर नियंत्रण, सद्गुरु के मार्ग दर्शन का अनुसरण ही सच्चे सुख की प्राप्ति का मार्ग है।

पढ़ने गई नाबालिग छात्रा लापता

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक नाबालिग छात्रा के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 12 अक्टूबर को सुबह करीब साढ़े सात बजे 17वर्षीय हमारी नाबालिग लड़की खजनी थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने गई थी,लेकिन शाम तक जब घर वापस नहीं आई तो हमने इधर उधर नात रिस्तेदारो के यहां काफी खोजबीन किया कहीं पता नहीं चला। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

नाबालिग को धमकाने और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, कार्रवाई की मांग

नौतनवां (महराजगंज)(आज)। थाना नौतनवा क्षेत्र के चकदह मरचहवा गांव निवासी सुशीला देवी ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक युवक पर अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को शादी और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने, मारपीट करने, दुष्कर्म का प्रयास करने तथा सोने का लॉकेट छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां के अनुसार, आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

रामलीला के पांचवें दिन श्रीराम वनवास एवं भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन

दोहरीघाट (गोरखपुर)। रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के पांचवें दिन भगवान श्रीराम के वनवास, केवट प्रसंग तथा भरत मिलाप की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनय जा. एवं विशिष्ट अतिथि गोरख साहू ने दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की आरती करके किया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि महाराज दशरथ के वचनों को पूरा करने के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने राजमहल का त्याग कर वन जाने का निर्णय लिया। प्रभु श्रीराम के वनगमन से अयोध्या नगरी में शोक की



लहर दौड़ गई। अयोध्यावासी उन्हें वापस लाने के लिए वन की ओर निकल पड़े। इसके बाद केवट प्रसंग का मार्मिक मंचन हुआ, जिसमें केवट ने प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण को गंगा पार कराया। इसके पश्चात भरत जी पूरी प्रजा के साथ प्रभु श्रीराम को अयोध्या वापस लाने के लिए वन पहुंचे। भरत जी ने श्रीराम से अयोध्या लौटकर राजगद्दी संभालने का आग्रह किया, लेकिन पिता के वचनों का पालन करने के संकल्प पर अडिग प्रभु श्रीराम ने लौटने से इनकार कर दिया। अंततः प्रभु श्रीराम ने अपनी चरण पादुकाएं भरत जी को सौंप दीं। भरत जी उन चरण पादुकाओं को लेकर अयोध्या लौट गए। उन्हें राज सिंहासन पर स्थापित कर प्रभु श्रीराम के प्रतिनिधि के रूप में राज्य संचालन करने का संकल्प लिया। रामलीला के इन प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के माध्यम से पिता के वचनों का सम्मान, भाईचारे, त्याग, समर्पण,मर्यादा पालन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष विनोद वर्मा, अरविंद साहू, राकेश साहू, राहुल जा., विकास, जितेंद्र, गोरख साहू, पारस साहू, गुलाब सोनकर, कपूरचंद, मेलाराम बाबा सहित अनेक गणमान्य लोग एवं रामभक्त उपस्थित रहे।

◆मुख्य अतिथि विनय जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि गोरख साहू ने किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

सरयू महोत्सव में 15 विभूतियों को मिला सरयू रत्न सम्मान

बड़हलगंज (गोरखपुर)। सरयू महोत्सव के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 15 विभूतियों को सरयू रत्न सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। आध्यात्मिक, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान, समाजसेवा, वीरता, क्रीड़ा, कृषि, पत्रकारिता, कला-संस्कृति, चिकित्सा, पर्यावरण, श्रम और उद्यम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के साथ अपराजिता सम्मान भी प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में आध्यात्मिक क्षेत्र में अयोध्या के डा. रामानंद दास, साहित्य के क्षेत्र में गोला के पूर्व प्राचार्य डा. फूलचंद तिवारी, शिक्षा के क्षेत्र में गढ़वारामपुर के केसी



भारती, विज्ञान के क्षेत्र में डीआरडीओ के वैज्ञानिक अनुराग शुक्ल, समाज सेवा के क्षेत्र में पोखरीगांव के राजू चंद तथा वीरता के क्षेत्र में राष्ट्रपति के सुरक्षा कर्मी जितेंद्र मणि त्रिपाठी शामिल रहे। इसी क्रम में क्रीड़ा के क्षेत्र में कुश्ती से जुड़े श्याम दुलारे यादव, कृषि के क्षेत्र में कृष्ण देव सिंह, पत्रकारिता के क्षेत्र में बड़हलगंज के अखिलेश गुप्त, कला-संस्कृति के क्षेत्र में प्रियव्रत मिश्र पंकज, चिकित्सा के क्षेत्र में गोला के होम्योपैथिक चिकित्सक डा.बीके राय,

◆आध्यात्मिक,साहित्य,शिक्षा,विज्ञान,समाजसेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

पर्यावरण के क्षेत्र में महीप श्रीवास्तव, श्रम के क्षेत्र में आजम मिस्त्री, उद्यम के क्षेत्र में पोहिला के सत्यप्रकाश तिवारी को सरयू रत्न सम्मान प्रदान किया गया। वहीं, अपराजिता सम्मान नगवा प्रेम की प्रधान संगीता गुप्ता को दिया गया। इस अवसर पर उद्योगपति विनय पांडेय व सूरज पांडेय, सिंगापुर के अप्रवासी भारतीय उद्यमी सत्य प्रकाश तिवारी, न.पं. अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर, बलदेव, अधिवक्ता शीतल प्रसाद, सुभासपा के युवा प्रदेश प्रभारी शिखर गुप्ता, मानस, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम बेलास, रमेश शाही, आनंद, प्रशांत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मेधावियों को मिला सम्मान। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विजयी प्रति भागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने के बाद विजयी प्रति भागियों का उत्साह दोगुना हो गया। जन सैलाब के बीच अपने को सम्मानित होता देख प्रति भागी अभिभूत दिखे।

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अरुण यादव को स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार अराध्या यादव को लैपटॉप व तृतीय पुरस्कार अंकित चौहान टैबलेट तथा 10 बच्चों एंड्रॉयड स्मार्टफोन देकर पुरस्कृत किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हुए हरिओम तिवारी, गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर

गोलाबाजार/बेलघाट (गोरखपुर)। बेलघाट थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी हरिओम तिवारी पुत्र महंत तिवारी का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने से गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, शुभ चिंतकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। लोग हरिओम तिवारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। हरिओम तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा श्री भगवती दुबे मेमोरियल इंटर कॉलेज, बरपरवा से हुई। उन्होंने इसी विद्यालय से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की।



इसके बाद उन्होंने शहर में रहकर आगे की पढ़ाई जारी रखी। निरंतर मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित होकर अपने परिवार के साथ ही गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा मिलेगी।

ग्रामीणों का कहना है कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हरिओम तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

आरा मशीन का शोर मानक से अधिक

सहजनवां (गोरखपुर)। क्षेत्र के ठर्रापार घघसरा में संचालित आरा मशीन से हो रहे ध्वनि प्रदूषण की शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निरीक्षण कर जांच की। जांच में शोर का स्तर निर्धारित मानकों से अधिक पाया गया। बोर्ड ने कार्रवाई के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजा है। ठर्रापार घघसरा निवासी महिमा सिंह ने 4 अक्टूबर को आईजीआरएस पर आरा मशीन को लेकर शिकायत की थी। इस पर बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक अधिकारी आयु सिंह व अवर अभियंता नीतीश कुमार ने 9 अक्टूबर को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय आरा मशीन संचालक मौजूद थे। आख्या के

◆प्रदूषण बोर्ड ने की कार्रवाई की संस्तुति

अनुसार आरा मशीन के पूर्व, उत्तर और दक्षिण में कृषि भूमि है, जबकि पश्चिम में शिकायतकर्ता का आवासीय मकान है। परिसर में एक आरा मशीन, एक कटर मशीन और एक आइसर इंजन लगा है। प्रतिदिन 40 से 50 लकड़ियों की कटिंग की जाती है। निरीक्षण के दौरान दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच ध्वनि मापी गई। मशीन चलने पर उद्योग परिसर में 85 डेसिबल और शिकायतकर्ता के मकान में 75 डेसिबल शोर दर्ज हुआ। मशीन बंद रहने पर परिसर में 52 और मकान में 55 डेसिबल शोर मिला। रिपोर्ट में कहा गया है कि मापा गया ध्वनि स्तर ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली, 2000 के मानकों के अनुरूप नहीं है। क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान ने 13 अक्टूबर को आख्या अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को भेजी है।

भक्तों की मुरादे पूरा करती है मां जम्बू द्वीप भगवती

बृजनाथ तिवारी /रामविनय तिवारी

भरौह/गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला तहसील क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक गगहा के ग्रामसेमरी में स्थित प्राचीन जम्बू द्वीप माता का मंदिर आदि काल से लोगों के आस्था एवं विश्वास का केंद्र बना हुआ है। वैसे तो मंदिर पर रोज श्रद्धालु की भीड़ रहती है। लेकिन नवरात्रि के दिनों में यहां मेले का रुप ले लेती है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं का विश्वास है कि जो भक्त सच्चे मन से उनके दरबार में आता है उनका मनोकामना जरुर पूर्ण होती है। यह मंदिर गोला रामजानकी मार्ग से हाटा बडगो मार्ग पर स्थित लगभग 3 किमी उत्तर सेमरी गांव में स्थित है। माता के दरबार में आसपास के लोग अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए आते हैं। यहां आने जाने वाले भक्तों



का कहना है कि जो सच्चे मन से माता के दरबार में आता है उनकी मनोकामना जरुर पूर्ण होती है। भक्तों की आस्था को देखते हुए सरकार ने मेन रोड से मंदिर तक इन्टर लाकिंग रोड का निर्माण करवाया है। ताकि भक्तों को आने जाने में कोई परेशानी ना हो माता के बारे में यहां के बुजुर्ग अनेक प्रकार की कहानियां बताते हैं गाँव के लोगों का कहना है कि जम्बू द्वीप भगवती का मन्दिर गोरखपुर के उत्तर बुढियाबारी गाँव मे भी स्थित है। आज से करीब सैकड़ों वर्ष पहले पूर्वज इस गाँव मे आकर वस गये और गांव में माताजी को स्थापित कर पूजा अर्चना करने लगे। भक्तों के सहयोग से यहाँ हर साल श्रीमद भागवत कथा का पाठ होता है।लोगों ने आस्था व विश्वास के साथ माता की पुजा अर्चना शुरू कर दिये। लोगों की मनोकामना पूर्ण होने लगी।

निःशुल्क कैंसर जांच एवं प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

कौड़ीराम (गोरखपुर)। हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान, गीता वाटिका, गोरखपुर की ओर से शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से निःशुल्क कैंसर जांच एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 126 मरीजों ने पहुंचकर कैंसर संबंधी समस्याओं पर परामर्श लिया। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. आस्था राव ने मरीजों की प्राथमिक जांच कर कैंसर के संभावित लक्षणों की पहचान की तथा उन्हें उचित परामर्श, उपचार की जानकारी और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं। उन्होंने खानपान में सुधार, संतुलित



जीवनशैली अपनाने और तंबाकू, गुटखा व धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही मुंह, स्तन और गर्भाशय मुख के कैंसर के शुरु आती लक्षणों की जानकारी देते हुए समय पर जांच कराने पर जोर दिया। शिविर प्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता और समय पर उपचार से मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार संभव है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के लक्षणों को नजरअंदाज न करने और झाड़-फूंक के बजाय विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील की। डॉ. संतोष कुमार वर्मा और डॉ. विनय श्रीवास्तव ने ऐसे शिविरों को जनजागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान लोगों को कैंसर से बचाव संबंधी पर्चे और जागरूकता सामग्री वितरित की गई। शिविर के आयोजन में डॉ. संतोष कुमार वर्मा, डॉ. विनय श्रीवास्तव, डॉ. आस्था राव, अजय श्रीवास्तव, सत्यवती तिवारी, विकास चक्रधारी, बृजेश पाण्डेय सहित स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

बचपन स्कूल में नवरात्रि और दशहरा का प्री-सेलिब्रेशन

नौतनवां (महराजगंज)(आज)। कस्बे के बचपन स्कूल में नवरात्रि और दशहरा के अवसर पर प्री-सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने मां दुर्गा की आराधना कर आरती उतारी और गरबा नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम में बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों को चित्रों, वीडियो और कहानियों के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों और उनकी शक्ति के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं, दशहरा पर्व के महत्व को समझाने के लिए रावण का प्रतीकात्मक रूप बैलून से तैयार किया गया, जिसे फोड़कर बच्चों को अपने



भीतर की बुराइयों को समाप्त करने और अच्छे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने भगवान श्रीराम की वीरता, सत्यनिष्ठा और आदर्शों की कहानियां सुनीं। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अच्छे संस्कारों और आचरण को अपने व्यवहार में शामिल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चे मां दुर्गा, भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान और शबरी के आकर्षक स्वरूप में नजर आए। स्कूल की डायरेक्टर अंजली ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक त्योहार हमें कोई न कोई अच्छी सीख देता है, जो जीवन में अच्छाई की राह दिखाती है। हमें हमेशा अपने भीतर की बुराइयों को हराकर अच्छाई को विजयी बनाना चाहिए।

क्रांतिकारी पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने खंड विकास अधिकारी उरुवा को किया सम्मानित

गोलाबाजार(गोरखपुर)। विशेष रोजगार सृजन दिवस में विकासखंड उरुवा प्रदेश में पांचवा और जनपद गोरखपुर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विकासखंड उरुवा की इस उपलब्धि के लिए क्रांतिकारी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश प्रमुख संरक्षक बृजनाथ तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा ने खंड विकास अधिकारी उरुवा सत्य प्रकाश सिंह को सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख संरक्षक बृजनाथ तिवारी ने कहा कि खंड विकास अधिकारी उरुवा सत्य प्रकाश सिंह ने जिस लगन और ईमानदारी से सरकारी योजनाओं को



धरातल पर उतारा है, वह काबिले तारीफ है। विकासखंड उरुवा का विशेष रोजगार सृजन दिवस में प्रदेश में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान आना गर्व की बात है। हम ऐसे अधिकारी को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। जबकि मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि सत्य प्रकाश सिंह जी का कार्य न केवल प्रशासनिक दृष्टि से उत्कृष्ट है, बल्कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक मील का पत्थर है। उनके कार्यों से आम जनमानस में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। क्रांतिकारी पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ऐसे कर्मठ अधिकारियों को हमेशा प्रोत्साहित करता रहेगा। सम्मान पाकर खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विकासखंड उरुवा की टीम के मेहनत का परिणाम है। खंड विकास अधिकारी को सम्मानित करने के दौरान क्रांतिकारी पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष पद्माकर मिश्रा एवं नौशाद खान भी मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेटों द्वारा टीवी जन जागरूकता अभियान का आयोजन

बनकटी/आनंदनगर (महाराजगंज)। सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कॉलेज



आनंद नगर मैं 46 बटालियन गोरखपुर के नर्देशानुसार 15 अक्टूबर 2026 को टीवी को मुक्त करने के लिए एनसीसी कैडेटो ने जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य साकिर हुसैन ने कहा कि टीवी की नियमित दवा चलने से रोग समाप्त हो जाता है। एनसीसी के लेफ्टिनेंट श्रीकांत गौड़ ने टीवी जागरूकता अभियान पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि अस्पताल से संपर्क करके दवा को नियमित चलाया जाए तो बीमारी समाप्त हो जाती है।

मन में सात्विकता होगी तो अवश्य मिलेगा सच्चा गुरु-आचार्य पुंडरीक

बड़हलगंज (गोरखपुर)। सरयू तट स्थित मुक्तिपथ पर आयोजित रुद्र महा यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा मे उद्योग पति सूरज पाण्डेय व विनय पांडेय ने व्यास पीठ की आरती उतारी। कथा के अन्तिम दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, गुरु की महत्ता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशंसा और स्तुति में अंतर होता है। इंसान और जीव की प्रशंसा की जाती है, जबकि भगवान साधारण या असाधारण, जो भी कृत्य करते हैं, वह स्तुति का विषय होता है। उन्होंने आयोजक विधायक राजेश त्रिपाठी का उल्लेख करते हुए कहा कि वह पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो



मोक्षधाम से राजपीठ तक पहुंचे हैं। संभवतः ऐसा उदाहरण अन्यत्र देखने को नहीं मिलेगा। सरयू मैया की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति और उसके संरक्षण में जल की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वास्तव में भगवान ही गुरु हैं। मनुष्य के भीतर जिस प्रकार का आकर्षण और विचार होगा, उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन देने वाला व्यक्ति मिलेगा। यदि मन में पाखंड, गलत सोच और खोट होगी तो सच्चे गुरु की पहचान करना कठिन होगा। वहीं, मन में सात्विकता होने पर चेतना आध्यात्मिक होती है। मनुष्य के मन में सात्विकता रहे तो उसे अवश्य ही ऐसा सदगुरु मिलता है, जो उसे ईश्वर के सानिध्य तक पहुंचाने का मार्ग दिखाता है। भगवान राम की सेवा करने वाले भक्त पर हनुमान जी की कृपा भी अवश्य होती है। किसी भी कार्य की सार्थकता भगवान की प्रसन्नता और उनकी कृपा में निहित है। जिस कार्य को भगवान स्वीकार नहीं करते, उससे वास्तविक कल्याण संभव नहीं है। उद्योगपति बंधु विनय पाण्डेय व सूरज पाण्डेय, सिंगापुर के अप्रवासी भारतीय उद्यमी सत्यप्रकाश तिवारी, अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर, बलदेव जी, शीतल प्रसाद एडवोकेट, सुभासपा के युवा प्रदेश प्रभारी शिखर गुप्ता, मानस त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम बेलास यादव, रमेश शाही, आनंद तिवारी, प्रशांत शाही आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मनोविज्ञान के सिद्धांतों को पोस्टरों में उकेर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगलधूसड़ के मनोविज्ञान विभाग ने पोस्टर प्रति योगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मनोविज्ञान के विविध सिद्धांतों, मनोवैज्ञानिकों के योगदान तथा मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं से संबंधित विषयों को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता एवं विषयगत समझ का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धांत, मोबाइल फोन के विकिरण का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, अनुरूपता, अनुबंधन द्वारा अधिगम, सूझ द्वारा अधिगम, संवेग, सिगमंड फ्रायड का मनोविज्ञान में योगदान तथा असामान्य व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पोस्टर प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों ने जटिल मनोवैज्ञानिक अव धारणाओं को सरल, रोचक एवं प्रभाव शाली ढंग से प्रस्तुत कर मनोविज्ञान के व्यावहारिक पक्ष को रेखांकित किया।



◆महाराणा प्रताप महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित, आराध्या प्रजापति ने हासिल किया प्रथम स्थान

प्रतियोगिता में बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर की सुश्री आराध्या प्रजापति ने प्रथम, सुश्री रोशनी रावत ने द्वितीय तथा सुश्री तनीषा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर की सुश्री सानिया मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. नंदन शर्मा तथा बीएड विभाग के सहायक आचार्य श्री जितेंद्र प्रजापति एवं श्री शैलेन्द्र सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता का संयोजन मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अर्चिता राय ने किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. वेंकट रमन सहित विभाग के विद्यार्थी एवं प्रतियोगिता के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

शौच करने गए युवक को पीटा,बीच-बचाव करने आए बेटे का सिर फोड़ा

सहजनवां (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के मोहनाग निवासी लक्ष्मण पुत्र स्व. बल्ली 13 अक्टूबर को सुबह 7 बजे गांव के पोखरे के पास शौच करने गए थे। आरोप है कि गांव के मनबढ़ों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे को भी मारकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र और सतेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डोमहर माफी और बैजलपुर में ग्राम चौपाल,शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

सहजनवां (गोरखपुर)। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम सभा डोमहर माफी में ग्राम प्रशासक मंजीत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित हुई। इसमें आधा दर्जन शिकायतें आईं। स्थानीय ग्राम सभा में आयोजित चौपाल में डीसी राष्ट्रीय आजीविका मिशन को आना था, लेकिन किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। चौपाल में राजमती ने कहा कि दो माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिली है और राशन कार्ड में तीन बालिग लड़कों का नाम नहीं जुड़ा है। ग्राम सचिव ने आधार कार्ड लगाकर ऑनलाइन नाम बढ़ाने को कहा। फूलमती ने एक वर्ष से वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। कलावती ने कहा कि घर से पानी निकालने की व्यवस्था नहीं है, गड्ढा खोदकर बाल्टी से पानी निकालना पड़ता है। सचिव ने बताया कि सार्वजनिक निकासी की जगह न होने तक सोख्ता बनवा दिया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत बैजलपुर में ग्राम प्रशासक कंचन की अध्यक्षता में चौपाल सम्पन्न हुई, जहां करीब एक दर्जन शिकायतें आईं। मौके पर एडीओ पंचायत राम आधार, ग्राम सचिव लोकेश, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक शशि सिंह, सोनू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव तो मचा कोहराम,घर पर जुटी गाव वालों की भीड़

हरपुर बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के करनपुरा गांव में खेत जोतने को लेकर हुए विवाद में चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या के मामले में शुक्रवार शाम को जब मृतक शिवम उर्फ आदर्श पांडेय का शव उंसके घर पहुंचा तो परिजनों के साथ- साथ गाव वालो की भी आंख भर आयी। इस दौरान स्थानीय हरपुर बुदहट पुलिस और क्षेत्राधिकारी गीडा सहित खजनी, पुलिस मौजूद रही। वही पुलिस ने मृतक के परिजनो की तहरीर पर आरोपी चचेरे भाई राधेश्याम, लव कुश के खिलाफ़ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक परिजन मृतक के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे है।